## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 17.07.2026 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17.07.2026 को मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
2. अधिशासी अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पडरौना, कुशीनगर।
3. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
4. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
5. श्री अरबिन्द कुमार धुवंश, सहायक अभियन्ता(वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
6. श्री पिन्दु कुमार, जू0इं0(वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
7. श्री चरण सिंह, उप परियोजना प्रबंधक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
8. श्री अभय उपाध्याय, इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
9. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 व उनकी टीम।
10. श्री रविन्द्र गोखले, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 व उनकी टीम।

### 01– उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित योजनाओं से सम्बन्धित बिन्दु :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 195 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाए स्थापित है। उक्त 195 अदद् योजनाओं मे से 21 अदद् योजनाए पूर्ण क्षमता पर, 127 अदद् योजनाए आंशिक रूप से संचालित हैं तथा 47 अदद् योजनाए वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होने, पम्प आदि खराब होने के कारण बंद हैं। उक्त योजनाओं में से 33 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं पर छोटी–बडी विद्युत खराबी के कारण योजनाओं से जलापूर्ति बाधित है, जिसके कम में मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि उक्त कमियों को अतिशीघ्र निराकरण कराना सुनिश्चित किया जाये।

(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड, कुशीनगर)

### 02– जल जीवन मिशन फेज–2 व 3 से सम्बन्धित बिन्दु :–

जल जीवन मिशन कार्यकम के फेज–2 व फेज–3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 333353 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6458 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 453 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 448 अदद् पम्प हाउस, 247 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6292 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। उक्त बैठक में निम्न मुख्य बिन्दु प्रकाश में आये–

#### 02.1– विद्युत विभाग से सम्बन्धित बिन्दु :–

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत 103 अदद् पेयजल योजनाए विद्युत अधारित है जिनमें से अब तक मात्र 56 अदद् योजनाओं पर ही विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हो पाया है, उक्त अवशेष 47 अदद् योजनाओं के विद्युतीकरण का कार्य समय से न हो पाने के कारण जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है। उक्त के कम में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त अवशेष कार्यो को आगामी 15 दिवस में शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कार्यो को शिर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये करा लिये जाए, जिससे जलापूर्ति बहाल हो सके।

(कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)



Scanned with OKEN Scanner

02.2— एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्र :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 16 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं की अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से प्राप्त न होने के कारण 32.866 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना सम्भव नही हो पा रहा है जबकि उपरोक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 15.07.2024 को ही आवेदन कर दिया गया था। उक्त के कम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लगातार समन्वय स्थापित करते हुये उक्त कार्य करा लिये जाये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 कुशीनगर)

02.3— भूमि विवाद :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 के अन्तर्गत 453 अदद् योजनाओं के निर्माण हेतु 454 अदद् कार्यस्थलों हेतु भूमि की आवश्यकता थी जिसके सापेक्ष शतप्रतिशत भूमि का आवंटन हो गया तथा उपरोक्त 453 अदद् स्थलों पर बोरिंग का पूर्ण कर लिया गया है परन्तु योजना का कार्य प्रारम्भ होने के कुछ दिनों बाद 18 अदद् योजनाओं के कार्यस्थलों पर विभिन्न प्रकार के विवाद (सूची संलग्न) उत्पन्न होने के कारण शेष कार्य नही हो पा रहा है तथा 11 अदद् ग्राम समूह योजनाओं पर, जिन ग्राम पंचायतों में जलकल स्थल प्रस्तावित नही है उनके ग्रामवासियों द्वारा निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। उक्त के कम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त विवादों की तहसीलवार सूची उपलब्ध कराते हुये सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये उपरोक्त प्रकरण को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये निस्तारण कराकर उपरोक्त अवशेष कार्यो को अतिशिघ्र पूर्ण करा लिया जाय।

(कार्यवाही समस्त उप जिलाधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)

03— छुटे हुये राजस्व ग्रामों (Left out R.V.) से सम्बन्धित बिन्दु :—

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यालय जिलाधिकारी कुशीनगर के पत्रांक 3375/कार्य–2/337 दिनांक 03.12.2025 के माध्यम से जनपद कुशीनगर में 11 अदद् राजस्व ग्रामों, जो ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं से वंचित रह गये है, के सम्बन्ध में प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सूचित किया गया था जिसके क्रम में उक्त 11 अदद् राजस्व ग्रामों को ग्रामीण पाईप पेयजल योजना से आच्छादित किये जाने हेतु 11 अदद् ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाओं के निम्न विवरण के अनुसार प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर के पत्रांक 629/वी0–28/10 दिनांक 16.07.2026 के माध्यम से हस्ताक्षरित कराकर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

| क0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01 | विशुनपुरा | बेतिया | 321.84 |
| 02 | सुकरौली | बरौली | 166.73 |
| 03 | नेबुआ नौरंगिया | बन्धु छपरा | 239.88 |
| 04 | हाटा | भैसही | 238.49 |
| 05 | पडरौना | भटवलिया | 268.87 |
| 06 | नेबुआ नौरंगिया | दरभंगा छपरा | 195.29 |
| 07 | सुकरौली | रामपुर | 280.55 |
| 08 | नेबुआ नौरंगिया | सेखुई | 249.25 |
| 09 | खड्डा | शाहपुर | 216.97 |
| 10 | फाजिलनगर | सुकरौली | 196.42 |
| 11 | खड्डा | सोहरौना | 558.06 |
| | कुल योग | | 2932.35 |



Scanned with OKEN Scanner

उक्त प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से संस्तुत करते हुये तकनिकी एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित करने की सहमति व्यक्त की गयी।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर)

**04– जल सारथी ऐप से सम्बन्धित बिन्दु :–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से "जल सारथी ऐप" के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा सभी लोगो से यह अपील की गयी कि "जल सारथी ऐप" डाउनलोड करें तथा उसके माध्यम से जनपद के प्रत्येक राजस्व ग्रामों में पेयजल से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा उसके सम्बन्ध में शिकायत/सुझाव "जल सारथी ऐप" के माध्यम से दर्ज कराया जा सकता है, जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर द्वारा "जल सारथी ऐप" डाउनलोड किया गया तथा उक्त ऐप को डाउनलोड करने हेतु सभी प्रतिभागियों से अपील की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में चल रहे समस्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by SUNIL KUMAR Date: 17-07-2026 17:22:33

(सुनील कुमार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

Digitally signed by VANDITA SRIVASTAVA Date: 22-07-2026 13:26:30

(वंदिता श्रीवास्तव)
मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

Digitally signed by Mahender Singh Tawar Date: 25-07-2026 12:14:24

(महेन्द्र सिंह तंवर)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

पत्रांक– 2550 / कार्य-18 / 09 दिनांक 25/07/2026

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को सादर अवलोकनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
5. जिला विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
6. प्रभागीय वनाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
8. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
11. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
12. जिला कृषि अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
13. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
14. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
15. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
16. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
17. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
18. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
19. परियोजना प्रबन्धक, विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
20. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
21. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।
22. समस्त सहायक अभियन्ता/जू0इं0।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

MS/D:\SRE Of. Wo /Le 23/DM M.\46

Scanned with OKEN Scanner